हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 जुलाई 2024, समय 1305 (5 मिनट))

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने आज एक नशा तस्कर को 22 ग्राम 47 मिलीग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम साहिल है जो उत्तर प्रदेश के बरेली का रहने वाला है और फिलहाल दिल्ली के जैतपुर में रह रहा था। अपराध शाखा टीम ने उसे फ़रीदाबाद सराय क्षेत्र से अवैध नशे के साथ गिरफ्तार किया।

हरियाणा सरकार पलवल,चरखी दादरी और रोहतक जिले के नागरिक अस्पतालों को 100 बेड से बढ़ा कर 200 बेड का कर दिया है। पलवल नागरिक अस्पताल के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय माम ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार प्रदेश के तीन जिलों पलवल,चरखी दादरी और रोहतक के नागरिक अस्पतालों उन्नयन किया गया है अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन नागरिक अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा,। डॉ अजय माम ने बताया कि सरकार द्वारा नागरिक अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं के लिए 285 पद नियमित आधार पर तथा ग्रुप घ के 300 पद अनुबंध आधार पर सृजित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों, चिकित्सकों , नर्सिंग अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भर्ती होने से अस्पतालों में मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी । उन्होंने कहा कि नए पद सृजित होने से पलवल अस्पताल में भी चिकित्सकों की संख्या में ब□ोतरी होगी।

सोनीपत नगर निगम के मेयर निखिल मदान कल अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह , केन्द्रीय शहरी आवास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, और प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । इस अवसर पर श्री नायब सिंह ने कहा कि कांग्रेस की स्थिति सभी विधानसभा क्षेत्रों में बेहद कमजोर हुई है। कांग्रेस के पास बताने के लिए कुछ भी नहीं है, इसलिए झूठ का सहारा लिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार बी जे पी की सरकार बनेगी ।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने नीट पेपर लीक मामले में राकेश रंजन उर्फ रॉकी नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसे दस दिन के लिए सी.बी.आई. की हिरासत में भेजा गया है। रॉकी इस मामले के एक अन्य व्यक्ति संजीव मुखिया से भी जुड़ा हुआ है, जो दो दशकों से इस तरह की गतिविधियों में शामिल है और फरार है। रॉकी की गिरफ्तारी से सी.बी.आई. को जांच में मदद मिल सकती है। जांच एजेंसी ने अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। सी.बी.आई. और विभिन्न राज्य पुलिस बल इस मामले की जांच कर रहे हैं।

केंद्रीय बल पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। अग्निपथ योजना पर बहस के बीच केंद्रीय बलों ने इसकी घोषणा की है। सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा सशस्त्र सीमा बल के प्रमुखों ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को आयु में छूट मिलेगी और उनके लिए कोई शारीरिक दक्षता परीक्षा भी नहीं होगी।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिदेशक नीना सिंह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में पूर्व अग्निवीरों की भर्ती का एक बड़ा कदम उठाया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी प्रबंध कर लिए गये हैं।

सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा है कि अग्निवीर सैनिकों के रूप में तैयार हो रहे हैं और इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इससे सभी बल लाभान्वित होंगे।

रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने कहा कि R.P.F में कांस्टेबल पद के लिए सभी भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व R.P.F अग्निवीरों के स्वागत के लिए उत्साहित है।

सशस्त्र सुरक्षा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह ने कहा है कि बल ने पूर्व अग्निवीरों के लिए कांस्टेबल की 10 प्रतिशत रिक्तियों में पहले बैच को आयु में पांच साल की छूट दी जाएगी।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने कहा है कि पूर्व अग्निवीरों को C.R.P.F में भर्ती करने की सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

उन्होंने कहा कि जो पहले बैच के अग्निवीर हैं अगर वह बल में भर्ती चाहते हैं तो उनके लिए उम्र में 5 साल की छूट भी है और उसके अलावा 10 प्रतिशत आरक्षण है शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट है । उन्होंने कहा कि जो दूसरे बैच से आएंगे उनके लिए उम्र में 3 साल की रियायत है।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने पुरुष सिपाही के 5000 पदों के लिए न्यूनतम योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के शारीरिक माप परीक्षण की संभावित तिथि जारी कर दी है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि शारीरिक माप परीक्षण संभवतः 16 जुलाई से शुरू हो सकता है। शारीरिक माप परीक्षण में उम्मीदवार का क़द, छाती और वजन देखा जाएगा ।

इन उम्मीदवारों का विवरण, शारीरिक माप परीक्षण की तिथि और समय व दाखिल कार्ड डाउनलोड करने के लिए लिंक जल्द ही आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।